एशियाई खेलों से प्राप्त होने वाला राजस्व

134. **श्री राम प्यारे पनिका** : क्या **शिक्षा और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगामी एशियाई खेलों से सरकार को अनुमानतः कुल कितना राजस्व प्राप्त हो जाने की आशा है;

(ख) इस आय का मद-वार व्यौरा क्या है; और

(ग) इन खेलों पर कुल कितनी राशि खर्च होने का अनुमान है ?

शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल) : (क) एशियाई खेलों की विशेष आयोजन समिति के अद्यतन अंतरिम प्राक्कलन के अनुसार खेलों से लगभग 8.60 करोड़ रुपये की कुल आय होने की सम्भावना है । इसमें विभिन्न विदेशी/भारतीय फर्मों से सामान के रूप में प्राप्त खेल सामान की लागत अथवा एक इन्डोर स्टेडियम के निर्माण के लिए कुवैत के एक अमीर से प्राप्त 12 करोड़ रुपये का नकद अनुदान शामिल नहीं है ।

(ख) विवरण संलग्न है ।

(ग) एशियाई खेल, 1982 के लिए सरकार द्वारा कुल 54.83 करोड़ रुपये का खर्च वहन किए जाने का अनुमान है जैसाकि इसने नवम्बर, 1980 में अनुमोदित किया गया था । फिर भी, वर्तमान संकेत यह है कि इस प्राक्कलन का संशोधन करने पर कुल प्राक्कलन में वृद्धि होने की सम्भावना है ।

विवरण

आय का स्वरुप	1981–82 यथार्थ स्थिति	1982–83 के लिये प्राक्कलन
1	2	3
	(लाख रुपये)	
1. लोगों एवं मैसकट की रायल्टी/प्रचाइज	20.63	7.29
2. दूरदर्शन अधिकारों एवं स्टेडियमों में एरेना स्थान की बिक्री	—	540.00
3. दान	11.55	20.50
4. भाग लेने वाली टीमों से 16 दिन का 16 डालर प्रति व्यक्ति की दर से भोजन और आवास शुल्क के रूप में आय (भाग लेने वाले 5,000) (1 डालर–9 रुपये)	—	115.00
5. टिकटों की बिक्री	—	125.00
6. विज्ञापन राजस्व	10.32	10.00
कुल	42.50	817.79

कालम (2) और (3) का योग 860.29 लाख रुपये अथवा लगभग 8.60 करोड़ रुपये